स्टेट ब्रीफ

खुसरूपुर में घर के पास बैठे युवक को गोलियों से भूना

खुसरूपुर | आधा दर्जन सशस्त्र अपराधियों ने दरवाजे पर बैठे एक 40 वर्षीय युवक को गोलियों से भून डाला और खुलेआम गोली चलाते हुए भाग गए। घटना थाना क्षेत्र के मालपुर गांव में सोमवार की देर रात की है। गोलीबारी और हत्या के कारण गांव में दहशत कायम है और लोग घरों में दुबके हुए हैं। घटना के संदर्भ में बताया गया कि रामलखन सिंह का पुत्र बीरू सिंह अपने घर के पास बैठा था, तभी आधा दर्जन की संख्या में अपराधी पहुंच गए और गोलीबारी करने लगे। एक गोली बीरू के सिर में लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

ओवरटेक करने में पलटी बारातियों से भरी बोलेरो

लौरिया | लौरिया थाना के लौरिया-कैथवलिया मार्ग में दुबौलिया चौक के पास ओवरटेक के दौरान असंतुलित होकर एक बारातियों से भरी बोलेरो गड्ढे में पलट गई। घटना सोमवार की देर शाम करीब पौने छह बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद बोलेरो में सवार लक्ष्मण बैठा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि बोलेरो में सवार आधा दर्जन बाराती घायल हो गए। सभी घायलों को लौरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डायन के संदेह में महिला की पीट-पीटकर हत्या

नवादा | बिहार में नवादा जिले के पकरीबरांवा थाना क्षेत्र के हुरराही गांव में डायन के संदेह में एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि हुरराही गांव निवासी बच्ची देवी (65) पर गांव के कुछ लोगो ने उसपर डायन का आरोप लगाकर कल रात उसकी लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी ग्रामीण फरार हो गये।

राजकोट-मुंबई के बीच 15 कोच की दूरंतो ट्रेन चलेगी

राजकोट | मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलने वाली वातानुकूलित दूरंतो एक्सप्रेस ट्रेन को राजकोट तक चलाने की घोषणा की गई है। रेल मंत्रालय ने ट्रेन नंबर 12267-12268 दूरंतों एक्सप्रेस को राजकोट तक चलाने की मंजूरी दे दी है। मुंबई से आने के बाद दूरंतों ट्रेन घंटों तक अहमदाबाद में पड़ी रहती थी। इसे ध्यान में रखते हुए सांसद कुंडारिया ने इसे राजकोट तक चलाने की मांग की थी।

स्कूली बच्चों के कोर्स में जुड़ेगा तंबाकू निरोधी चैप्टर

रांची | मुख्य सचिव सुधीर त्रिपाठी ने राज्य के शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाकू पदार्थों के बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुए धावा दल द्वारा सघन छापामारी करने का आदेश दिया है। साथ ही बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणामों से बचाने के लिए किताबों में इससे जुड़े अध्याय लाने की हिदायत भी दी है। उन्होंने सोमवार को तंबाकू नियंत्रण के लिए गठित राज्य तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक की।

वारदात | बिहार के जहानाबाद स्थित घर से ड्यूटी के लिए अरवल जा रहे थे मैनेजर

फर्जीवाड़े पर नकेल कसने वाले बैंक मैनेजर को गोलियों से भूना

दौड़ा-दौड़ाकर पैर, कमर और कनपटी में मारी गोलियां

जहानाबाद-अरवल | भास्कर टीम

ड्यूटी पर जा रहे बैंक ऑफ बड़ौदा अरवल ब्रांच के मैनेजर आलोक चंद्रा को सोमवार की सुबह तकरीबन पौने नौ बजे अपराधियों ने गोलियों से भून डाला। ईमानदार छवि के करीब 32 साल के आलोक ने पिछले साल 10 अप्रैल को ही अहमदाबाद से ट्रांसफर होकर यहां ज्वाइन की थी। उन्होंने बैंक में कई तरह के फर्जीवाड़े पकड़े और आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने गव्य विकास के लोन व सीएसपी सेंटर आवंटन में भारी गड़बड़ी पकड़ी थी और बिचौलियों पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। माना जा रहा है कि इन्हीं में शामिल किसी आरोपी ने आलोक की हत्या कराई है। आलोक पैतृक गांव नवादा के वारिसलिगंज थाने के कुटरी गांव से अपनी बुलेट बाइक से ड्यूटी पर अरवल जा रहे थे।

32 साल के ईमानदार अधिकारी पर टूट पड़े अपराधी

पीछे से मारी गोली | आलोक जैसे ही नेहालपुर के पश्चिम डायवर्सन से ऊपर चढ़े, उजली रंग की बाइक पर 3 अपराधियों ने पीछा करते उन्हें गोली मार दी। गोली उनके कमर में लगी, जिसके बाद वे बाइक छोड़ कर भागने का प्रयास करने लगे।

भागे तो दूसरी गोली दागी | भागने के दौरान नजदीक आ गए अपराधियों ने उनपर दूसरी गोली चला दी। दूसरी गोली लगते ही वह सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे।

गिरे तो कनपटी में मारी गोली | उनके गिरते ही अपराधियों ने नजदीक जाकर उनकी दांईं कनपट्टी में सटाकर 1 गोली मारी। फिर दो गोलियां मारी गईं, जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

तीन सीएसपी को कराया रद्द, दलालों पर रोक लगाई, केस भी दर्ज कराए

आलोक

आलोक की ज्वाइनिंग के पहले बैंक में लूट की संस्कृति थी। उन्होंने आते ही इसपर चोट की। बैंक में गबन व बड़े पैमाने पर फर्जी लोन के मामले पकड़े। इससे दलालों को भारी नुकसान हुआ। बैंक की ओर से सीएसपी के आवंटन में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी। बैंक द्वारा शहर तेलपा में सीएसपी सेन्टर खोलने की अनुमति थी, लेकिन उसे गलत तरीके से महेन्दिया में संचालित किया जा रहा था। बैंक से 37 लाभुकों के लाखों गबन किए जाने के आरोप में कलेर के बीडीओ ने महेन्दिया में सीएसपी संचालक दीपक शर्मा पर केस दर्ज कराया था। दीपक द्वारा संचालित 3 सीएसपी को बंद करा दिया गया था। इस मामले में दीपक जमानत पर है, जबकि उसकी पत्नी और भाई फरार हैं।

तृणमूल के आतंक से परेशान भाजपा से जीते कई जनप्रतिनिधि भाग कर पहुंचे साहेबगंज-पाकुड़

मालदा में घर पर धावा बोल रहे टीएमसी कार्यकर्ता, स्कूल जा रहे बच्चों के अपहरण की कर रहे कोशिश

भास्कर न्यूज | साहेबगंज/पाकुड़

पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न हुए पंचायत चुनाव के बाद भी राजनीतिक हिंसा का दौर जारी है। हिंसा के डर से जान बचाने के लिए भाजपा से जीते हुए प्रतिनिधि भाग कर सीमावर्ती झारखंड के साहेबगंज- पाकुड़ जिलों में शरण लेकर अपनी जान बचा रहे हैं। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के सैकड़ों भाजपा पंचायत समिति व वार्ड समिति सदस्य तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न से बचने के लिए साहेबगंज के बरहरवा, साहेबगंज जिला मुख्यालय की विभिन्न धर्मशालाओं में शरण लिए हुए हैं। वहीं कई पंचायत समिति सदस्य भागकर पाकुड़ भी पहुंचे हैं।

बंगाल के मालदा जिले के11 अंचलों में पंचायत चुनाव में विभिन्न पदों पर लगभग 200 से ज्यादा प्रतिनिधि भाजपा से जीते हैं। साहेबगंज के भाजपा के नगर परिषद अध्यक्ष श्रीनिवास यादव और उपाध्यक्ष रामानंद साह ने राजनीतिक हिंसा के पीड़ित बंगाल के पंचायत समिति व वार्ड समिति सदस्यों को सोमवार को मीडिया के समक्ष लाया और बताया कि कैसे तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता उन्हें परेशान कर रहे हैं। बताया कि तृणमूल के कार्यकर्ता लगातार उनके घरों पर धावा बोल कर धमकी दे रहे हैं।

मामला सुलझा, 36% पद रिजर्व, 64% पर मिलेगा मेरिट लिस्ट से प्रमोशन

भास्कर न्यूज | रांची

राज्यकर्मियों की प्रोन्नति का मामला सुलझा गया है। सरकार ने एससी व एसटी के लिए 36% (10+26) पद रिजर्व रख कर शेष 64% रिक्त पद पर मेरिट लिस्ट के अनुसार प्रोन्नति देने का फैसला किया है। कार्मिक विभाग ने यह प्रस्ताव स्वीकृति के लिए सोमवार को मुख्य सचिव को भेजा है। अपर मुख्य सचिव (कार्मिक) केके खंडेलवाल ने इसकी पुष्टि की। कहा कि स्वीकृति मिलते ही प्रोन्नति दी जाने संबंधी अधिसूचना जारी होगी। पूर्व में तत्कालीन कार्मिक सचिव निधि खरे द्वारा लगाई गई प्रोन्नति पर रोक हटा ली जाएगी। साथ ही दी जानेवाली प्रोन्नति हाईकोर्ट के अंतिम आदेश से प्रभावित होगी। राज्यकर्मियों की प्रोन्नति पर कार्मिक विभाग की तत्कालीन प्रधान सचिव निधि खरे के आदेश से रोक लगा दी गई थी। इसके बाद से विभिन्न संवर्ग के अधिकारियों-कर्मचारी संघों द्वारा प्रोन्नति की मांग हो रही थी।

चाणोद में 24 मई तक चलेगा गंगा दशहरा पर्व, श्रद्धालुओं ने नर्मदा को चढ़ाई चुनरी

चाणोद | दक्षिण प्रयाग क्षेत्र में गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। 16 मई से शुरू हुआ गंगा दशहरा पर्व 24 मई तक चलेगा। स्कंद पुराण के अनुसार इस दिन भगवती गंगा मैया नर्मदा में स्नान करके पावन होती हैं। चाणोद में रोजाना हजारों श्रद्धालु नर्मदा में डुबकी लगा रहे हैं। यहां के मल्हारराव घाट पर सायंकाल में गंगा दशहरा समिति के विद्वानों द्वारा होने वाली पूजा-अर्चना, महाआरती का श्रद्धालु लाभ ले रहे हैं। श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा मैया को चुनरी चढ़ाई गई। श्रद्धालु नर्मदा नदी में डुबकी लगाकर गंगा दशहरा और मलमास दोनों का पुण्य प्राप्त कर रहे हैं।

योजना | मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने की ड्रोन सर्वेलांस सिस्टम की शुरुआत

'त्रिनेत्र' ड्रोन रखेगा 2 लाख वर्ग किमी में अवैध खनन पर नजर

गांधीनगर | मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने राज्य में खनिज और रेत के अवैध खनन की गतिविधियों पर बाज नजर रखने के लिए खान-खनिज विभाग के त्रिनेत्र ड्रोन निगरानी प्रणाली की शुरूआत की। रुपाणी ने विश्वास जताया कि खनिज चोरी और खनन माफिया पर अंकुश लगाने में यह प्रणाली बेहद कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि पायलट परियोजना के तहत पहले चरण में साबरमती, ओरसंग, तापी और भादर जैसी बड़ी नदियों में होने वाले रेत के अवैध खनन की गतिविधियों पर इसके जरिए नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि करीब दो लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल वाले गुजरात में फैले खान-खनिज संपदा के भंडार पर त्रिनेत्र के जरिए लगातार निगरानी रखने के लिए विभिन्न जिलों में इस ड्रोन का उपयोग और राज्यस्तर पर कमांड और कंट्रोल रूम को सघन बनाया जाएगा।

686 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी

भूविज्ञान और खनिज विभाग के आयुक्त रूपवंत सिंह ने इस मौके पर कहा कि राज्य में खनिज का प्रचुर भंडार है। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी खनिज क्षेत्रों में ऑनलाइन नीलामी करने का महत्वपूर्ण निर्णय किया है और राज्य सरकार ने इस संबंध में तेजी से व्यवस्था खड़ी कर समग्र राज्य में स्थित करीब 686 खनिज ब्लॉकों को नीलामी के लिए तैयार कर दिया है। आगामी समय में सभी क्षेत्रों में खनिजों की ऑनलाइन नीलामी होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री का ऐलान

बिहार के 4 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 160 सीटें बढ़ीं

भास्कर न्यूज | दिल्ली/पटना

पटना, भागलपुर, दरभंगा और मुजफ्फरपुर के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल 160 सीटें बढ़ी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि गया, पावापुरी और बेतिया मेडिकल कॉलेज की सीटें तत्काल नहीं बढ़ी हैं। इन कॉलेजों की कमियां दूर होने पर यहां की एमबीबीएस की सीटें बढ़ जाएंगी। चौबे, सोमवार को दिल्ली में बिहार के स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के साथ बैठक कर रहे थे। पिछले दिनों एमसीआई ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण किया था। फिर मंत्री के साथ उसकी बैठक हुई थी।

कहां कितनी सीटें बढ़ीं

पीएमसीएच में	100 से 150
जेएलएनएमसीएच में	50 से 100
डीएमसीएच में	90 से 100
एसकेएमसीएच में	50 से 100

(नोट :- यह बढ़ोतरी सत्र 2018-19 के प्रथम वर्ष से लागू होगी)

बिटकॉइन प्रकरण: शिकायतकर्ता शैलेष भट्ट ही निकला मुख्य साजिशकर्ता: डीजीपी

अहमदाबाद/गांधीनगर | बिटकॉइन प्रकरण की जांच कर रही सीआईडी-क्राइम ने सोमवार को खुलासा किया कि मूल शिकायतकर्ता शैलेश भट्ट ही मुख्य साजिशकर्ता और आरोपी है। डीजीपी आशीष भाटिया ने बताया कि शैलेष भट्ट ने दो लोगों का अपहरण किया था और 131 करोड़ के 2256 बिटकॉइन जबरन ले लिए थे। शैलेष भट्ट ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अमरेली के एलसीबी इंस्पेक्टर अनंत पटेल ने उनके भागीदार किरीट पालडिया के षडयंत्र पर फरवरी में अगवा कर 12 करोड़ के बिटकॉइन स्थानांतरित करवा लिए थे। शैलेष भट्ट ने सतीष कुंभाणी नामक एक व्यक्ति की ओर से एक साल पहले शुरू की गई आभाषी मुद्रा बिट कनेक्ट में दो करोड़ रूपए का निवेश किया था। इसके बाद कुंभाणी विदेश भाग गया और भट्ट ने पहले उसके सहयोगी पीयूष सावलिया और बाद में धवल मावाणी को अगवा किया। वह नकली आयकर अधिकारी बना था। उसने मावाणी के पास से 131 करोड़ के 2256 बिटकॉइन के अलावा 11 हजार लाइट कॉइन भी ले लिए। पीयूष सावलिया से जबरन और पैसे का झांसा देकर हलफनामा पुलिस को भिजवाया कि उसका अपहरण नहीं हुआ था।

निकुंज भट्ट, दिलीप कानाणी दो दिनों की रिमांड पर

सीआईडी क्राइम की सूरत इकाई ने दो आरोपियों दिलीप कानाणी और निकुंज भट्ट को कोर्ट में पेश कर दो दिनों का रिमांड लिया है। दिलीप कानाणी के पास से करीब 153 बिटकॉइन बरामद कर लिए गए हैं। उधर, पूर्व विधायक नलिन कोटडिया की तलाश में भी सीआईडी-क्राइम की तीन टीमें लगी हैं।

प्रेस विज्ञप्ति
वन एवं वन्य प्राणी विभाग हरियाणा
कार्यालय: मंडलीय वन्य प्राणी अधिकारी, रोहतक
चिड़ियाघर, तिलियार कॉम्पलेक्स, रोहतक।
फोन नं.01262-274377, E-mail: dwlorohtak@yahoo.com
निविदा सूचना वर्ष 2018-19
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
ई-टैंडर नं. 80712 जिसकी निविदाएं दिनांक 08.05.2018 तक आमंत्रित की गई थी परंतु कोरम पूरा ना होने के कारण निविदा की समय अवधि दिनांक 25.05.2018 तक बढ़ाई जाती है।
मंडलीय वन्य प्राणी अधिकारी, रोहतक
65826

गुजरात : कचरा बीनने पर दलित युवक को पीट-पीटकर मार डाला

राजकोट | गुजरात में एक बार फिर ऊना कांड जैसी दलित प्रताड़ना की घटना सामने आई है। इसमें एक युवक को कूड़ा बीनते हुए कारखाना परिसर में दाखिल होने पर पीट-पीट कर मार डाला गया। वीडियो सामने आने पर घटना उजागर हुई है। पांच आरोपियों ने इस वारदात को राजकोट के पास कोटडा सांगणी के शापर वेरावल में अंजाम दिया। पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। मृतक मुकेश लींबडी के परनाला गांव का रहने वाला था। उनकी पत्नी जया ने बताया कि रविवार सुबह वे कचरा बीनने निकले थे। यहां रादडिया इंडस्ट्रीज नामक कारखाने के पास पांच लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। मुकेश को दबोच कर कारखाने में अंदर ले गए और उन्हें बांध कर पिटाई की। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राजकोट की घटना, चार गिरफ्तार



झारखंड के दलाल हर साल कर रहे हैं 18 हजार लड़कियों का सौदा

रांची | झारखंड के 250 से अधिक दलाल हर साल राज्य की करीब 18 हजार लड़कियों का सौदा कर रहे हैं। इस बात की जानकारी विभिन्न एनजीओ के जरिए झारखंड सीआईडी को मिली है। सीआईडी दिल्ली की 240 प्लेसमेंट एजेंसियों की जांच कर रही है। इनमें से 35 के बारे में सीआईडी को पुख्ता जानकारी है कि ये प्लेसमेंट एजेंसियां आदिवासी बहुल जिलों के सुदूर गांवों से नाबालिग लड़कियों को काम दिलाने के नाम पर बेच रही हैं। अधिकतर एजेंसियां दलालों की पत्नियों और रिश्तेदारों के नाम पर दिल्ली में रजिस्टर्ड हैं। दलाल सबसे पहले गरीब परिवारों को खोजते हैं, जिसमें 10 से 17 साल की लड़कियां हों। लड़कियों के माता-पिता को शुरुआत में 10-20 हजार एडवांस देते हैं।

मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी)
CIN: U13100MH1972GOI016078, GST NO: (MH)27AABCM9165C1ZH
प्रमुख कार्यालय: डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर भवन, सेमीनरी हिल्स, नागपुर
वैबसाइट : www.mecl.co.in ई-मेल% hod-procure@mecl.co.in
दूरभाष :251-712-91 1841,फ़ैक्स :2510548-712-91
व्यवसाय विकास एवं वाणिज्यिक प्रभाग दिनांक: 17.105.2018
ई-निविदा सूचना सं. सीडी/346/ईएनवी-बेल्लारी/2018
निम्नलिखित कार्य के संचालन के लिए ऐसे प्रतिष्ठित, अनुभवी ठेकेदार और वित्तीय तौर पर सुदृढ़, तथा जिनके पास कंट्रोलर ऑफ सर्टिफाइंग अथॉरिटी, भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी एजेंसी द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) हो, सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल की वेबसाइट: https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर ऑनलाइन निविदाएं (दो भाग प्रणाली में) आमंत्रित की जाती हैं:-

कार्य का नाम	निविदा शुल्क (रु.)	बयाना राशि (रु.)
मे. आरएमएमपीएल (एमएल सं. 2010) ब्लॉक, एनईबी रेंज, संदूर सिस्ट बेल्ट, जिला-बेल्लारी (कर्नाटक) में आधाररेखा पर्यावरणीय अध्ययन पर विश्लेषणात्मक कार्य।	350/-	3,500/-

निविदा डाउन लोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 18.06.2018 को (17.00 बजे)। भौतिक रूप से निविदा शुल्क एवं बयाना राशि (हाथ से/पोस्ट से) प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 20.06.2018 को (17.00 बजे)। ऑनलाइन ई-निविदा खुलने की तारीख (भाग-1) तकनीकी बोली) : 21.06.2018 को (11.00 बजे)। अधिक विवरणों और बोलीदाताओं के लिए अनुदेश हेतु लॉग ऑन करें हमारी वैबसाइट: www.mecl.co.in या https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर। कृपया नोट करें की निविदा का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण केवल CPPP-NIC portal www.eprocure.gov.in के माध्यम से होगा। निविदा शुल्क एवं बयाना राशि के बिना निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी। तथापि फर्म यदि डीजीएस एंड डी/एनएसआइसी अथवा एमएसएमई द्वारा किसी एजेंसी/निकायों में पंजीकृत है तो वे निविदा शुल्क एवं बयाना राशि (उस उत्पाद के लिए जिसके लिए वे पंजीकृत हैं) के लिए हकदार हैं। उक्त निविदा सूचना हिन्दी में भी हमारी वैबसाइट: www.mecl. co.in पर उपलब्ध हैं। टिप्पणी : उक्त निविदा के संबंध में किसी भी अद्यतन जानकारी, शुद्धिपत्र आदि को उक्त वैबसाइट पर ही केवल प्रकाशित किया जाएगा। यह किसी अन्य समाचारपत्र या संचार माध्यम द्वारा प्रकाशित नहीं किया जाएगा। निविदाकार इसे नोट करें और उनसे अनुरोध है की सीपीपी पोर्टल को नियमित रूप से देखें।
प्रभाग प्रमुख (व्य. वि. एवं वा.)

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अधीन स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर-495 009 (छ.ग.) भारत
दूरभाष : +91-7752-260342, 260221, फैक्स : +91-7752-260154, 260148, वेबपटल-www.ggu.ac.in
क्रमांक: 132/अकादमी/18 प्रवेश सूचना बिलासपुर, दिनांक: 21.05.2018
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2018-19 में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है– एम.फार्म. (फार्मास्युटिक्स), एम.फार्म. (फार्मास्युटिक्स रसायन), एम. फार्म. (फार्माकोलोजी), बी.फार्म. (III सेम)–पार्श्व प्रवेश, एम.टेक. (केमिकल इंजी.), एम.टेक. (मशीन डिजाईन), एम.बी.ए.
प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, सीट संख्या, आरक्षण नीति, शुल्क, छात्रवृत्ति एवं आवेदन करने की प्रक्रिया के लिये विश्वविद्यालय का वेबपटल www.ggu.ac.in/admissions का अवलोकन करें।
1. ऑफ लाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि :– 22 मई 2018
सहायता:–07752–260027 (एम.फार्म.), 260007 (एम.टेक.), 260460 (एम.बी.ए.)
कुलसचिव (कार्यवाहक)

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
आज अदालत श्रीमान पारिवारिक न्यायालय संख्या 1 मुकाम जोधपुर व इजलास श्री प्रदीप कुमार जैन मुद्दई गुनेश सिंहल मुद्दाफलाह श्रीमती डॉ. रिंकिता जिंदल दावा बाबत U/S 13 हिन्दू विवाह अधिनियम मुकदमा नं. EO 711/17 सन् 2017 मुसम्मी श्रीमती डॉ. रिंकिता वल्द पत्नी श्री गणेश सिंहल पुत्री श्री एस.के.जिंदल कौम अग्रवाल साकिन 11/959, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर (राज.) ने मुद्दई आपके विरुद्ध विवाह-विच्छेद के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायाल में तारीख 02/06/18 दिन में 08 AM बजे दावा का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश हो गये और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकेगा जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा मय मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह अपने कब्जे या शक्ति में है या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज तारीख 10.05.2018 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से :- वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय संख्या एक जोधपुर (राज.)

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
(आवास शाखा)
ध्यान दें/जरुरी सूचना
1985 रेजिडेंसियल फ्लैट्स रजिस्ट्रेशन स्कीम के तहत प्रतीक्षारत पंजीकृत आवेदक के लिए
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने यह निर्णय लिया है कि 1985 रेजिडेंसियल फ्लैट्स रजिस्ट्रेशन स्कीम (उस समय के स्लम एवं जे. जे. विभाग, डी. डी. ए) के तहत प्रतीक्षारत पंजीकृत आवेदकों को सावदा घेवरा (नांगलोई क्षेत्र) में निर्मित मकान दिया जाएगा। इच्छुक प्रतीक्षारत पंजीकृत आवेदक इस सम्बन्ध में अपना सहमति पत्र दिनांक 10/07/2018 तक जमा करा दें। सहमति पत्र और शपथ पत्र का प्रारुप तथा आवंटन से संबंधित नियम एवं शर्तों के बारे जानकारी दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की वेबसाइट delhishelterboard.in पर उपलब्ध है। अन्य सहायता व जानकारी हेतु आवेदक उपनिदेशक (आवास) के कार्यालय बी–3 विकास कुटीर, आई पी इस्टेट नई दिल्ली–110002 से भी सम्पर्क कर सकते है।
(वी. पी. झा)
उपनिदेशक (आवास)
दूरभाष: 011–23378419

सीएसआईआर-केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान
CSIR - CENTRAL LEATHER RESEARCH INSTITUTE
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)
(Council of Scientific & Industrial Research)
अड्यार, Adyar, चेन्नै Chennai-600 020 तमिलनाडु Tamil Nadu, भारत India.
Tel : 2443 7162, 2491 0774 Fax : 24455926 Web : www.clri.org
सं. 2(03)/2018/क्रय 22 मई, 2018
बोली आमंत्रण / निविदा आमंत्रण सूचना
सीएसआईआर-सीएलआरआई के निदेशक, आयातित माल और सीमा शुल्क निकासी हेतु समेकन कार्य करने के लिए IATA लाइसेन्स प्राप्त माल अग्रेषकों और सीमा शुल्क का लाइसेन्स प्राप्त निकासी एजेंटों से दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करते हुए दो बोली प्रणाली के तहत निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं	निविदा सं.	निविदा विवरण	बोली सुरक्षा (EMD)
1.	2(03)/2018/क्रय/T-24	आयातित माल और सीमा शुल्क निकासी के लिए समेकन कार्य करने हेतु निविदा	रु. 20,000/-

निविदा समाप्त होने की तारीख एवं समय: 13 जून 2018 अपराह्न 12.00 बजे (IST)
निविदा खोलने की तारीख: 13 जून 2018 को सायं 3.00 बजे (IST)
28 मई 2018 (सोमवार) को प्रातः 11.00 बजे बी.एम.दास हाल में बोली पूर्व बैठक का आयोजन किया जाएगा। सभी इच्छुक बोली लगानेवालों से अनुरोध है कि वे उक्त बैठक में अवश्य भाग लें। बोली पूर्व बैठक के बाद निविदा दस्तावेज में संशोधन, यदि कोई हो, तो वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा। हमारे वेबसाइट www.clri.org में निविदा शीर्ष के अंतर्गत निविदा दस्तावेज डाउनलोड किया जा सकता है।
भंडार एवं क्रय अधिकारी

यौन समस्यायें
छोटा इन्द्री, निराश क्यों?
जापानी इन्द्रीवर्धक यंत्र

इन्द्री का छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन, संतानहीनता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, सेक्स इच्छा में कमी, नसों की कमजोरी एवं नामर्दी को दूर कर मनचाहा सेक्स टाईम बढ़ायें। 30 दिनों की दवा के साथ जोशिला तेल, 32GB मेमोरी कार्ड फ्री मंगायें। No Side Effect
7788945969, 7873971878